महोदय डिपोजिट टु एडवास रेशियो 100 108 है । किसी भी फाइनेंसियल इस्टीट्यूशन के मुकाबले में यह रेशियो अच्छा और ज्यादा है । एडवांस रिकवरी भी 75 प्रतिशत है । यह अत्यन्त ही ग्रहणीय चीज है । लेकिन मूलत: इन ग्रामीण बैंको मे डिपोजिट बहुत कम आते है और इसके कारण एडवास भी कम दिये जाते है । इसलिये वह समय पर भी कर्जा नही दे पाते है । इस कारण उन जरूरतमद लोगो की जरूरत पूरी नही होती । इसलिये आर आर० बी० के पास ज्यादा कैपटल होनी चाहिए ताकि वे बैंक किसी और अन्य लोगो को समय पर कर्जा दे सके । किसानो को खेत मे बुआई करनी है खाद चाहिये तो उसके लिए आवश्यक पैसा बैंक से समय पर मिल जाएगा तो इससे किसान को उसका फायदा होगा लेकिन ग्रामीण बैंको के पास बद का पैसा बहुत कम होता है उन्हे पैसो के लिए नाबार्ड पर और सपोसर बैंक पर निर्भर रहना पड़ता है । इस बिल के जरिये से सपोसर बैंक को थोड़ा पोजिटिव रोल दिया गया है । इससे सपोसर बैंक उसे सपोसर की हुई आर आर बी के काम का नियमित परीक्षण कर सकता है और इटरनल आडिट तथा मानिटरिंग कर सकता है । आशा है इससे ग्रामीण बैंको के कार्यो में थोडा सुधार होगा । लेकिन आर आर बी० और उनकी बहुत सी खाएं घाटे मे चलती है । नाबार्ड की रिपोर्ट के अनुसार दिसम्बर 1986 तक 191 आर आर बीज मे से 141 आर आर बीज मे 89 6 करोड का घाटा हुआ । दीर्घकालीन नीति तय करने के लिए सरकार ने एक स्टडी ग्रुप भी गठित किया था और उससे लगता है कि कुछ स्ट्रक्चरल चेजेज की आवश्यकता महसूस हो रही है । इस बिल के अनुसार आथोराइज्ड कैपिटल एक करोड़ से पांच करोड़ तक बढ़ाई गई है और इश्यूड कैपिटल 25 लाख और एक करोड के दरम्यान रखी गई है । यह एक स्वागतयोग्य कदम है । इससे ग्रामीण बैंको की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए मदद हो जाएगी । आर आर बीज का विकास पूरे देश मे एक जैसा नही हुआ है । बहुत से रीजनल इम्बैलेंस है । नार्थ ईस्टर्न रीजन में 6 प्रतिशत आर०आर०बीज० और 3 प्रतिशत उसकी ब्रांचेज है पूरे देश में मकाबले में यह ब्रांचेज है तो अगले पांच से दस सालो तक नार्थ ईस्टर्न स्टेट्स जो हैं उनकी तरफ ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है । सिर्फ ज्यादा आर आर बीज गठित करके और ज्यादा

शाखाएं खोलकर के ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का हल नही होगा इन बैंकों में जो काम करते हैं उन कर्मचारियों पर उसकी सफलता निर्भर है। उन्हे काम करना है एक बड़े असंगठित समुदाय के लिए गरीब अनपढ़ किसानो के लिए मजदूरो के लिए छोटे छोटे उद्योग-धन्धे करने वाले लोगों के लिए इसके लिए जरूरी है कि बैंक कर्मचारी उनकी समस्याओं को समझे उनके इलाके का उनको पूरा ज्ञान हो उस इलाके की आवश्यकताओं की मालुमात हो इसके लिए उन्हें एक खास दृष्टि चाहिये यह दृष्टि आएगी ट्रेनिंग से। ग्रामीण क्षेत्रो मे काम करने वाले हर कर्मचारी को ट्रेनिंग की ज्यादा जरूरत है लेकिन आज भी सब स्तरों पर सब कर्मचारियो को ट्रेनिंग नही हो रही है उनको ट्रेनिंग नही मिल रही है। करप्शन भी बहुत ज्यादा बढ़ गया है। कर्मचारियो मे बढ़ती हुई अनुशासनहीनता चिन्ता की बात है। उनमें इंस्टीट्यूशनल मोटीवेशन को विकसित करने की जरुरत है। बैंक कितने समाजोपयोगी हो सकते है वह समाजोपयोगी काम कर सकते है यह स्पष्ट रूप से उनके सामने रखने की आज आवश्यकता है। बैंको मे जो व्यवहार होते है उनमें से एक के लिए समयबद्ध कार्यक्रम होना चाहिये और उसका पालन सख्ती से होना चाहिये और यह टाइम शेड्यूल्ड कर हर ब्राच मे लोगों के अवलोकनार्थ रखना चाहिये। जैसे हम कर्मचारियों से बेहतर सेवा चाहते है वैसे कर्मचारी भी कुछ चाहते हैं। ग्रामीण बैंको के कर्मचारियो को कमर्शियल बैंको के कर्मचारियो के समान वेतन नही मिलता है। यह अन्याय है क्योकि जो काम कमर्शियल बैंक्स के कर्मचारी करते हैं वही काम ग्रामीण बैंकों के कर्मचारी भी करते हैं। बल्कि मै तो यह कहूगी कि ग्रामीण बैंको में काम करना ग्रामीण इलाकों मे काम करना ज्यादा कठिन है। इसलिए मैं चाहती हू कि उन्हे समान वेतन मिलना ही चाहिये यह बड़ी आवश्यक बात है। बोर्ड आफ डायरेक्टर्ज की पुनः रचना भी बिल में की गई है। मैं मंत्री महोदय से यह कहना चाहती हू कि उसमे कर्मचारियो का प्रतिनिधित्व होना जरूरी है। वैसे ही दो नान-आफिशियल डायरेक्टर्ज है उसमे किसानों का प्रतिनिधि होना चाहिये। बोर्ड आफ डायरेक्टर्ज में कम से कम एक महिला होनी ही चाहिये। जबकि उसमें महिला होगी तो काम ज्यादा अच्छी तरह से सुगठित पद्धति से होगा। इसलिए बोर्ड आफ डायरेक्टर्स मे किसानों, कर्मचारियों और महिलाओ के प्रतिनिधि आवश्यक हैं। इतना कहकर मैं इस बिल का तहेदिल से समर्थन करती हूं। धन्यवाद।

[उपसभाध्यक्ष (श्री हेच० हनुमनतप्पा) पीठासीन हुए] श्री मोहम्मद खलीलुर रहमान (आन्ध्र प्रदेश): जनाब वाइस चेयरमैन साहब हम सब जानते है कि हिन्दुस्तान देहात में रहता है और हुकूमत भी यह अच्छी तरह से जानती है कि हिंदुस्तान देहात मे रहता है। हिंदुस्तान की 70 करोड़ आबादी मे से 52 करोड लोग देहात मे रहते है चुनांचे इन्हीं बातों को पेशेनजर रखते हुए 1969 में बैंको का नेशनलाइजेशन किया गया था और यह जो बैंको का नेशनलाइजेशन किया गया था, यह-यह समझकर किया गया था कि आम आदमी को इससे फायदा होगा। उससे पहले देखा यह गया था कि जो बैंको की सूरतेहाल थी उसमें सिर्फ बड़े-बड़े इंडस्ट्रियलिट्स सनतकार और बड़े बड़े सरमायेदार ही फायदा उठाते थे इस वजह से यह समझा गया कि बैंकों को नेशनलाइज करने के बाद आम आदमी भी इनसे पूरा पूरा फायदा उठायेगा। मगर मुझे इंतिहाई अफसोस के साथ यह कहना पडता है कि पालिसीज के गलत इम्प्लीमेंटेशन की वजह से बैंक नेशनलाइजेशन से जो फायदा होना चाहिए था उस किस्म का फायदा इस वक्त देश में नही हो रहा है, चुनाचे इन्ही बातो को पेशेनजर रखते हुए गवर्नमेंट सन् 1976 ई० मे रीजनल रूरल बैंक एक्ट लेकर आई। इसका मकसद यही था कि देहात मे रहने वाली आबादी को ऊपर उठाया जाये। जैसा कि हम अच्छी तरह से जानते है, देहात मे जो लोग रहते है उनमे से तकरीबन 80 फीसदी लोगों का पेशा जरात है। इसके अलावा बढ़ई है लोहार हैं तथा और भी दूसरे पेशे अंजाम देने वाले लोग हैं जो देहात मे रहते है। ये लोग अपनी मेहनत की कमाई से जो फरोख करते है बाजार मे बेचने है तो इंतिहाई सस्ते दामो पर उसको बेचते हैं। फिर कोई चीज जब खरीदते है तो उसके लिए उनको काफ

[श्री मोहम्मद खलीलुर रहमान]

महंगे दाम अदा करने पड़ते है । जब वे कर्जा हासिल करना चाहते है तो पहले सूरतेहाल यह थी कि खानगी लोगों से, जो काफी बड़े सूद पर पैसा देते थे, उनको पैसा हासिल करना पड़ता था और असल से ज्यादा उनको सूद अदा करना पड़ता था। इस तरह से उनके उत्पादन का जो कुछ भी कीमती सरमाया होता था वह सिर्फ सूद मे ही खत्म हो जाया करता था। इसलिए इन चीजो को पेशेनजर रखते हुए रीजनल रूरल बैंक एक्ट लाया गया था इसका मकसद यह था कि गरीब किसान और देहात में रहने वाले गरीब लोग खानगी सूद पर पैसा देने वालों के चंगुल से बचें और इंतिहाई आसान शरा सूद पर बैंको से पैसे हासिल करे और अपने पेशे मे खाह वो जरात हो या कोई और पेशा हो उसमे उसको लगायें तथा अपने पेशे मे तरक्की करें। असल इसका मकसद यही था। मगर तकरीबन दस साल गुजरने के बाद भी यह देखा गया है कि रीजनल रूरल बैंक से वक्तन इस कदर फायदा हासिल नही हुआ है जितना कि हासिल होना चाहिए था। इसी बात को पेशेनजर रखते हुए हमारी पार्टी के यहा राज्य सभा में जो लीडर श्री उपेन्द्र साहब हैं उन्होने गुजिश्ता सेशन मे यानी 24 अगस्त 1987 ई० का एक स्पेशल सेशन पेश किया था और उसमे यह था कि रीजनल रूरल बैंक जो है उसपर काफी गौर करना चाहिए और काफी मेनेजमेंट लाने चाहिएं ताकि जिन एम्स एंड आबजेक्ट्स के लिए यह रीजनल रूरल बैंक कायम किये गये है उनके एम्स एंड आबजेक्ट्स पूरे हों।

मुझे खुशी हो रही है कि इस ऐवान में यानि इस सेशन में यह अमेंडमेंट के लिए लाया गया है। खुशी की बात है और मैं इस पूरे बिल की ताईद करता हूं मगर स थ ही साथ मैं यहां कुछ सजेशस मोअज्जिज़ मिनिस्टर साहब की खिदमत में देना चाहता हूं।

वह यह है कि जो कुछ गवर्नमेंट की फैसिलिटीज है खवा वह कमर्शियल बैंक की हों, खवा वह रूरल बैंक की हों कई लोग देहात मे इससे वाकिफ नही हैं, जैसा कि अभी हमारी मोअज्जिज़ मेम्बर सहिबा ने कहा कि इसकी बराबर पब्लिसिटी नहीं हो रही है। हमको पब्लिसीटी के लिए काफी गौर करना चाहिए और इसकी अच्छी पब्लिसिटी करनी चाहिए और आवाम को यह मालूम होना चाहिए कि रीजनल रूरल बैंक किस वजह से कायम किये गये है इसका मकसद क्या है किस तरह से वह अवाम की मदद करते है।

इन बातों को आवाम को मालूम करवाना चाहिए ताकि गरीब किसान जो तकरीबन सभी पढ़े-लिखे नही होते उनको मालूम हो सके और वह बैंक से ज्यादा से ज्यादा इस्तफादा हासिल कर सके।

दूसरी बात यह है कि इस बैंक के फाइनेंसेज़ बढ़ाने के लिए उसके शेयरहोल्डर्स जो हैं यानी सेंट्रल गवर्नमेंट, स्टेट गवर्नमेंट, कमर्शियल बैंक और नेबार्ड को अपना मुसबत रोल अदा करना चाहिए और इस अंदाज में इसके शेयरहोल्डार्ज़ को काम करना चाहिए कि वह यह समझे कि हमको देहात मे रहने वाले आवाम को उठाना है, उनके हालाते-जिंदगी को बेहतर बनाना है, इस मकसद को सामने रखते हुए, यह नहीं कि फायदा कमाने की नीयत से, नही, मगर खिदमत के ज़ज्बे को सामने रखते हुए पूरे शेयरहोल्डर्ज़ को अपना रोल अदा करना पडेगा।

अभी जो बात यहां आई—यहां के डाइरेक्टर्ज के नामिनेशन की, उसमें यह कहा गया है कि सेंट्रल गवर्नमेंट जो है, उसे दो नान-आफिशल डाइरेक्टर्ज़ को नामिनेट करने का हक दिया गया है।

मै पूछना चाहता हूं कि क्यों स्टेट गवर्नमेंट्स को भी दो नान-आफिशल डाइरेक्टर्ज़ आमजद करने का हक नही दिया जाए? मेरी यह दर्खास्त है मोअज्जिज़ मिनिस्टर साहब से कि स्टेट गवर्नमेंट को भी यह हक दिया जाए कि दो गैर-सरकारी डाइरेक्टर्ज़ को नामिनेट करें।

इसके अलावा अभी जैसा कि कहा गया कि लोकल बाडीज़ का भी एक रेप्रेजेंटेशन

उसमें होना चाहिए और जिला परिषद् का हो, या पंचायत मंडल का हो, या ग्राम पंचायतों का हो, कुछ भी हो, यकीनन लोकल बाडीज का भी, नुमाइंदा उसमें होना चाहिए।

फिर साथ ही साथ जैसा कि मेरी बहिन अभी कह रही थी कि लेडीज की भी एक नुमाइंदगी बेहद जरूरी है और मेरी ख्वाहिश है कि हमारे मिनिस्टर साहब इस पर गौर करेंगे। (समय की घंटी) मैं अभी दो मिनट में अपनी बात खत्म कर देता हूं।

अब आप मुलाजमीन की हालात-जिंदगी, जैसा कि आप अच्छी तरह जानते हैं कि रीजनल रूरल बैंक में जो मुलाजमीन काम करते है, यह मुलाजमीन किन हालात में देहातों में जाकर काम करते है। शहर में काम करना या कस्बे में काम करना एक बात है। मगर गांव में जाकर इन मुलाजमीन का काम करना वाकयतन बडी हिम्मत की बात है इस वजह से हमको भी उनकी पूरी हिम्मत अफजाही करनी चाहिए। उनके बच्चों के लिए तालीम का खास इंतजाम नहीं होता, उनके लिए तिब्बी इमदाद की कोई सहूलियत नहीं होती। इसलिए यह जरूरी है कि उनकी तनख्वाहें भी, जो दूसरे कमर्शियल बैंक की तनख्वाहें है, उनके बराबर करनी चाहिएं। जब एक ही किस्म का काम वह करते हैं कामर्शियल बैंक के लोग और वही किस्म का काम दूसरे लोग करते है तो इनकी तनख्वाह में फर्क क्यों। इनकी तनख्वाह कम क्यों है और उनकी तनख्वाह ज्यादा क्यों है। मै अपने राज्य आन्ध्र प्रदेश के बारे में अर्ज करना चाहूंगा। हमारे जिले में रूरल बैंक में काम करने वाले लोगों के पे-स्केल कुछ हैं और दूसरे जिले में काम करने वाले लोगों के पे-स्केल कुछ और है। मै यह कहना चाहता हूं कि इनके पे-स्केल में यूनिफार्मिटी हो। तनख्वाहे बराबर मिले। जो कामर्शियल बैंक के एम्पलाइज की तनख्वाह है वही दूसरों को मिलनी चाहिए।

अगली बात में यह अर्ज करना चाहता हूं कि एम्पलाइज की ट्रेनिंग दी जाती है। अभी बैंक मे 44 हजार लोग काम कर रहे है उनमें से सिर्फ 29 हजार मुलाजमीन को ट्रेनिंग दी जा चुकी है। यह जरूरी है कि जिस मकसद के लिए जिस काज के लिए बैंक में काम कर रहे है उसके तहत जरूरी है उनको परोपर ट्रेनिंग दी जाये। जब तक परोपर ट्रेनिंग उनको नहीं दी जाती है उस वक्त तक उनका मकसद पूरा नहीं हो सकेगा। इन्हीं चन्द अल्फाज के साथ मैं आपका शुक्रियादा करता हूं।

†[شری محمد خلیل الرحمان

(آندھرا پردیش) : جناب وائس چیرمین صاحب - ہم سب جانتے ہیں کہ ہندوستان دیہات میں رہتا ہے اور حکومت بھی یہ اچھی طرح سے جانتی ہے کہ ہندوستان دیہات میں رہتا ہے - ہندوستان کی ستر کروڑ آبادی میں سے باون کروڑ لوگ دیہات میں رہتے ہیں - چنانچہ انہیں باتوں کو پیش نظر رکھتے ہوئے ۱۹۶۹ میں بینکوں کو نیشنلائز کیا گیا تھا - اور یہ جو بینکوں کا نیشنلائزیشن کیا گیا تھا کہ عام آدمی کو اس سے فائدہ ہوگا - اس سے پہلے دیکھا یہ گیا تھا کہ جو بینکوں کی صورتحال تھی اسمیں صرف بڑے بڑے انڈسٹیریلسٹ صنعتکار اور بڑے بڑے سرمایہ دار ہی فائدہ اٹھاتے تھے - اس وجہ سے یہ سمجھا گیا تھا کہ بینکوں کو نیشنلائز کرنے کے بعد عام آدمی بھی اس سے پورا پورا فائدہ اٹھائیگا - مگر مجھے انتہائی افسوس کے ساتھ کہنا پڑتا

†[ ] Translation in Arabic script.

سرمایہ ہوتا تھا وہ صرف سود میں ختم ہو جایا کرتا تھا - اسلئے ان چیزوں کو پیش نظر رکھتے ہوئے "ریجنل رورل بینک ایکٹ" لایا گیا تھا - اسکا مقصد یہ تھا کہ غریب کسان اور دیہات میں رہنے والے غریب لوگ خانگی سود پر پیسہ دینے والوں کے چنگل سے بچیں اور انتہائی آسان شرح سود پر بینکوں سے پیسے حاصل کریں اور اپنے پیشے خواہ وہ زراعت ہو یا کوئی اور پیشہ ہو اسمیں اسکو لگائیں - اور اپنے پیشے میں ترقی کریں - اصل اسکا مقصد یہی تھا - مگر تقریباً دس سال گزرنے کے بعد بھی دیکھا گیا ہے کہ ریجنل رورل بینک" سے واقعتاً اتنا فائدہ حاصل نہیں ہوا ہے جتنا کہ حاصل ہونا چاہئے تھا - اسی بات کو پیش نظر رکھتے ہوئے ہماری پارٹی کے یہاں واجیہ سبھا میں جو لیڈر شپ اپیلنٹ صاحب ہیں - انہوں نے گزشتہ سیشن میں یعنی ۲۴ اگست ۱۹۸۷ء کو ایک اسپیشل میلشن کیا تھا - اور اسمیں یہ تھا کہ ریجنل رورل بینک جو ہیں - اس پر کافی غور کرنا چاہئے تھا اور کافی میلجملنے نے چاہئے تاکہ جن ایمس اینڈ آبجیکشن کے لئے یہ ریجنل رورل بینک قائم کئے گئے ہیں - انکے ایمس اینڈ آبجیکٹس پورے ہوں -"

[شری محمد خلیل الرحمان]

ہے کہ پالیسیز کے غلط امپلیمنٹیشن کی وجہ سے بینک نیشنلائزیشن سے جو فائدہ ہونا چاہئے تھا اس قسم کا فائدہ اس وقت دیش میں نہیں ہو رہا ہے - چنانچہ انہیں باتوں کو پیش نظر رکھتے ہوئے گورنمنٹ سنہ ۱۹۷۶ء میں "ریجنل رورل بینک ایکٹ لیکر آئی - اسکا مقصد یہی تھا کہ دیہات میں رہنے والی آبادی کو اوپر اٹھایا جائے - جیسا کہ ہم اچھی طرح سے جانتے ہیں کہ دیہات میں جو لوگ رہتے ہیں انمیں سے تقریباً ۸۰ فیصدی لوگوں کا پیشہ زراعت ہے - اسکے علاوہ بڑھئی ہیں - لوہار ہیں - اور بھی دوسرے پیشے انجام دینے والے لوگ ہیں جو دیہات میں رہتے ہیں - یہ لوگ اپنی محنت کی کمائی سے جو فروخت کرتے ہیں - بازار میں بیچتے ہیں - تو انتہائی سستے داموں پر اسکو بیچتے ہیں - پھر کوئی چیز جب وہ خریدتے ہیں تو اسکے لئے انکو کافی مہنگے دام ادا کرنے پڑتے ہیں - جب وہ قرضہ حاصل کرنا چاہتے ہیں - تو پہلے صورتحال یہ تھی کہ خانگی لوگوں سے - جو کافی سود پر پیسہ دیتے تھے - انکو پیسہ حاصل کرنا پڑتا تھا اور اصل سے زیادہ انکو سود ادا کرنا پڑتا تھا اس طرح سے انکے اتپادن کا جو کچھ بھی قیمتی

شہر ہولڈرز جو ہیں - یعنی سینٹرل گورنمنٹ - اسٹیٹ گورنمنٹ - کمرشیل بینک اور نابارڈ کو اپنا مثبت رول ادا کرنا چاہئے اور اس انداز میں اسکے شیر ہولڈرز کا کام کرنا چاہئے- کہ وہ یہ سمجھیں کہ ہمکو دیہات میں رہنے والے عوام کو اٹھانا ہے انکے حالات زندگی کو بہتر بنانا ہے - اس مقصد کو سامنے رکھتے ہوئے - یہ نہیں کہ فائدہ کمانے کی نیت سے - بلکہ خدمت کے جذبے کو سامنے رکھتے ہوئے - پورے شیئر ہولڈرز کو اپنا رول ادا کرنا پڑیگا -

ابھی جو بات یہاں آئی یہاں کے ڈائریکٹرز کے نامینیشن کی - اسمیں یہ کہا گیا ہے کہ سینٹرل گورنمنٹ جو ہے- اسے دو نان آفیشیل ڈائریکٹرز کو نامینیٹ کرنے کا حق دیا گیا ہے -

میں پوچھنا چاہتا ہوں کہ کیوں اسٹیٹ گورنمنٹس کو بھی ودنان آفیشیل ڈائرکٹرز نامزد کرنے کا حق نہیں دیا جائے - میری یہ درخواست ہے معزز منسٹر صاحب سے کہ اسٹیٹ گورنمنٹ کو بھی یہ حق دیا جائے کہ دو غیر سرکاری ڈائریکٹرز کو نامینیٹ کریں -

اسکے علاوہ ابھی جیسا کہ کہا گیا کہ لوکل باڈیز کا بھی ایک پیرزینٹیشن اسمیں ہونا چاہئے اور مجھے خوشی ہو رہی ہے - کہ اس ایوان میں یعنی اس سیشن میں یہ امنڈمنٹ کیلئے لایا گیا ہے - خوشی کی بات ہے اور میں اس پورے بل کی تائید کرتا ہوں مگر ساتھ ہی ساتھ میں یہاں کچھ سجیشنس معزز منسٹر صاحب کی خدمت میں پیش کرنا چاہتا ہوں -

وہ یہ ہے کہ جو کچھ گورنمنٹ کی فیسی الیز ہیں - خواہ وہ کمرشیل بینک کی ہوں - خواہ وہ رورل بینک کی ہوں - کئی لوگ دیہات میں اس سے واقف نہیں ہیں کہ ابھی ہماری معزز ممبر صاحبہ نے کہا کہ اسکو برابر پبلسٹی نہیں ہو رہی ہے - ہمکو پبلسٹی کیلئے کافی غور کرنا چاہئے - اور اچھی پبلسٹی کرنا چاہئے- اور عوام کو یہ معلوم ہونا چاہئے کہ ریجنل رورل بینک کس وجہ سے قائم کئے گئے ہیں اسکا مقصد کیا ہے - کس طرح سے وہ عوام کی مدد کرتے ہیں-

ان باتوں کو عوام کو معلوم کروانا چاہئے - تاکہ غریب کسان جو تقریباً سبھی پڑھے لکھے نہیں ہوتے - انکو معلوم ہو سکے اور وہ بینک سے زیادہ سے زیادہ استفادہ حاصل کر سکیں -

دوسری بات یہ ہے کہ اس بینک کے فائنینسز بڑھانے کیلئے سکے

کمرشیل بینک کی تنخواہیں ہیں۔ انکے برابر کرنی چاہئے - جب ایک ہی قسم کا کام وہ کرتے ہیں کمرشیل بینک کے لوگ اور وہی قسم کا کام دوسرے لوگ کرتے ہیں تو انکی تنخواہ میں فرق کیوں - انکی تنخواہ کم کیوں ہے - اور انکی تنخواہ زیادہ کیوں ہے - میں اپنے واجبہ آندھرا پردیش کے بارے میں عرض کرنا چاہوں گا - ہمارے ضلع میں رورل بینک میں کام کرنے والے لوگوں کے لئے اسکیل کچھ اور ہیں اور دوسرے ضلع میں کام کرنے کے لوگوں کے لئے اسکیل کچھ اور ہیں - میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ انکے لئے اسکیل میں یونیفارمٹی ہو - تنخواہیں برابر ملے - جو کمرشیل بینک کے امپلائز کی تنخواہیں ہیں وہی دوسروں کو ملنی چاہئے -

اگلی بات میں یہ عرض کرنا چاہتا ہوں کہ امپلائز کو ٹریننگ دی جاتی ہے - ابھی بینک میں ۴۴ ہزار لوگ کام کر رہے ہیں انمیں سے ۲۹ ہزار ملازمین کو ٹریننگ دی جا چکی ہے - یہ ضروری ہے کہ جس مقصد کیلئے جس کاز کیلئے بینک میں کام کر رہے ہیں اسکے تحت ضروری ہے انکو برابر ٹریننگ دی جائے - جب تک برابر ٹریننگ نہیں دی جاتی ہے اس وقت انکا

[شری محمد خلیل الرحمان]

ضلع پریشد کا ہو - یا پنچایت سمتی کا ہو - یا گرام پنچایتوں کا ہو - کچھ بھی ہو - یقیناً لوکل بوڈیز کا بھی نمائندہ اسمیں ہونا چاہئے -

پھر ساتھ ہی ساتھ جیسا کہ میری بہن ابھی کہہ رہی تھیں کہ

لیڈیز کی بھی ایک نمائندگی بیحد ضروری ہے اور مجھے توقع ہے کہ ہمارے منسٹر صاحب اس پر غور کریں گے (سٹے کی گھنٹی) میں ابھی دو منٹ میں اپنی بات ختم کر دیتا ہوں -

اب آپ ملازمین کی حالات زندگی - جیسا کہ آپ اچھی طرح سے جانتے ہیں کہ ریجنل رورل بینک جو ملازمین کام کرتے ہیں - یہ ملازمین کن حالات میں دیہاتوں میں جاکر کام کرتے ہیں - شہر میں کام کرنا یا قصبہ میں کام کرنا ایک بات ہے - مگر گاؤں میں جاکر ان ملازمین کا کام کرنا واقعتاً بڑی ہمت کی بات ہے - اس وجہ سے ہمکو بھی انکی پوری ہمت افزائی کرنی چاہئے - ان کے بچوں کیلئے تعلیم خاص انتظام نہیں ہوتا - انکے لئے طبعی امداد کی کوئی سہولیت نہیں ہوتی اسلئے یہ ضروری ہے کہ انکی تنخواہیں بھی جو دوسرے

مقصد پورا نہیں ہو سکے گا - انہی چند الفاظ کے ساتھ میں آپ کا شکریہ ادا کرتا ہوں -]

श्री सुरेश पचौरी (मध्य प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं अपनी बात आदरणीय दिवंगत नेता श्रीमती इंदिरा गांधी के शब्दो के साथ प्रारम्भ करता हूं। उन्होंने कहा था "हमारी विशाल और विविधतापूर्ण जनता के किसी भी भाग को यह महसूस नही होना चाहिए कि उसे भुला दिया गया है। उनकी उपेक्षा से हम सब का नुकसान होगा।" 19 जुलाई, 1969 को राष्ट्र के नाम प्रसारित सन्देश में देशवासियो से अपील की थी कि वह बैंकों के राष्ट्रीयकरण के सामाजिक व लोकतंत्रीय प्रयोग को सफल बनाने मे सहयोग करें और उन्होने कहा था।

"हमारा एकमात्र उद्देश्य हमारी गरीब जनता की भलाई और उसकी उन्नति है। हर समय हमारी कोशिश यही रहेगी कि उनका जीवन जल्दी से जल्दी सुखद हो"।

अब जब हम इंदिरा जी की आवाज नही सुन सकते, वह हमारे बीच में नही है लेकिन उनके शब्द सदा हमारे साथ रहेंगे, हमारे कानो मे गूजते रहेंगे।

बैंको के राष्ट्रीयकरण की इस मजबूत बुनियाद पर 1976 में ग्रामीण बैंक की स्थापना हुई और अपने उद्देश्यो मे लगातार सफलता प्राप्त करते हुए आज हम अपने अनुभवों के आधार पर तथा गरीब किसानो, मजदूरो को अधिक सुविधा प्रदान करने के लिए यह संशोधन बिल पारित करने जा रहे हैं।

इसी को ध्यान मे रखते हुए 1975 के प्रारम्भ में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक बनाने की नरसिम्हा ग्रुप ने सिफारिश की थी। इसकी स्थापना से पूर्व यह अनुभव किया गया कि वाणिज्य बैंक, ग्रामीण क्षेत्र की जनता की आवश्यकतानुसार ऋण एवं अन्य बैंकिंग सुविधाएं नहीं प्रदान कर सकते। चूंकि राष्ट्रीयकरण के लगभग 7 वर्ष पश्चात् भी वाणिज्य बैंकों ने अपनी शहरी पहुंच को ही ध्यान में रखा एवं वे ग्रामीण की आकांक्षाओं के अनुरूप नही थे। उनका कार्य करने का ढंग एवं वे सोचने का ढंग भी पूर्ण रूप से शहरी थे।

इसके साथ यह भी अनुभव किया गया कि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको की स्थापना से क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान सरलता से हो सकेगा एवं कमजोर वर्गों और ग्रामीण जनता को सरलतापूर्वक कम ब्याज पर आर्थिक सहायता उपलब्ध हो सकेगी इसकी स्थापना के पीछे एक यह भी उद्देश्य था कि ग्रामीण ऋण की कीमत भी कम हो, खर्च भी कम हो सके।

आज देश के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की अनेक शाखाओ के माध्यम से ग्रामीण भारत मे विकास और समृद्धि का ताना-बाना बुना जा रहा है। गाव की भोली भाली जनता को साहूकार की गुलामी से इन प्रयासो से बचाया है।

आदरणीय मंत्री श्री जनार्दन पुजारी ने बताया कि 23 राज्यो मे 357 जिलों मे 196 बैंक है और 13,000 बैंक शाखाएं है। उनमे 1763 करोड़ रुपये धन की व्यवस्था है और उस व्यवस्था के अनुसार 1846 के ऋण प्रदान किये जा चुके है। इस संशोधन के द्वारा बैंक के संगठन को आवश्यकतानुसार एक नया आयाम प्रस्तुत किया है। मुख्य अधिनियम की धारा 6(1) प्रत्येक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को ट्रेनिंग, स्टाफ, रखरखाव व अन्य खर्चे आदि के लिए जारी 25 लाख से 1 करोड़ के निर्धारित पूजी-निवेश की जगह एक करोड़ से पाच करोड़ रखना, प्रायोजक बैंक से क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के लिए ट्रेनिंग की व्यवस्था करना एवं प्रबंधकीय व वित्तीय सहायता प्रदान करने से क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको का एक नया स्वरूप सामने उभर कर आएगा। क्रम सख्या 8 पर धारा-11 की मुख्य अधिनियम मे उपधारा 1-ए

[श्री सुरेश पचौरी]

पर प्रावधान "केन्द्र सरकार" के स्थान पर "आंग्रणी बैंक" रखने की बजाय मैं अनुरोध करूंगा कि यह अधिकार केवल "केन्द्र सरकार" मे ही निहित होना चाहिए, जैसा पूर्व से है । अत: अध्यक्ष की नियुक्ति केवल केन्द्र सरकार द्वारा की जानी चाहिए । ऐसा मै मानता हूं । जहां तक प्रतिनिधियों का प्रश्न है, बोर्ड आफ डायरेक्टरस का प्रश्न है, तो निस्संदेह मै भी इसी बात से सहमत हू कि बोर्ड आफ डायरेक्टरस का चयन करते समय ग्रामीण अचल के प्रतिनिधियों को इसमें लिया जाना चाहिए । चूकि बहुत कुछ समस्याएं नौजवानो को फेस करना होती है, बेरोजगारों को ऋण दिलाने के लिए बैंक के दरवाजे पर दस्तक देनी होती है । अत: मेरा अनुरोध है कि जब बोर्ड आफ डायरेक्टरस का आप चयन करने जायं तो उसमें प्राथमिकता नौजवानों को भी दें ।

महोदय, बैंक किसी विचार विशेष के लिए नही है बस्कि वे बिना किसी भेदभाव के सबको आर्थिक सहायता के लिए होते है । यदि किसी स्थान विशेष पर लोन मेला आदि का आयोजन होता है तब उसका लाभ सबको होता है, विशेष रूप से जो कि गरीबी रेखा से नीचे है और किसी विचारधारा के भी हैं । उसमे जो चयन होता है वह गुप्त मतदान से होता है, इसलिए यह व्यवस्था जो लाग की गई है वह भी एक सराहनीय कदम है ।

महोदय ग्रामीण विकास के बिना हम देश की अर्थव्यवस्था मे महत्वपूर्ण सुधार नही ला सकते और इसी महत्वपूर्ण सकल्प में जब हम आम आदमी के जीवन मे खुशहाली लाने उसे गरीबी रेखा स ऊपर उठाने के प्रयासों को समन्वित विकास कार्यक्रम एन०आर०ई०पी०, आई०आर०डी०पी०, लीड बैंक आदि द्वारा पूरा करने की योजना बनाने है, ठीक उसी कदम पर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की भी एक अहम भूमिका होती है जो छोटे सीमांत कृषक और अन्य हस्त कलाकारो को ऋण सुविधा प्रदान कर उन्हे आत्मनिर्भर बना रही है । मान्यवर जहां तक ऋण प्राप्त करने का प्रश्न है हमने आशातीत सफलता प्राप्त की है, परन्तु जब ऋण वापिस करने की बात शुरू होती है तो बड़े निराशाजनक परिणाम हमें देखने को मिलते हैं । बैंकों से ऋण प्राप्त करने वालो की मानसिकता ऋण वापिस करने की दिशा में लगभग वापिस न करने की होती है । अगर ऋण लेकर हमने वापिस नही पहुचाया तो अन्य लोगों को हम किस प्रकार यह सुविधा प्रदान कर सकेंगे । बडे दुख के साथ कहना पड़ता है कि कुछ दिनों पहले एक राज्य में चुनाव हुये और चुनाव के दौरान यह नारा दिया गया - "तुम कर्ज लेकर घर में बैठो, मैं उसे पूरा माफ कर दूगा ।" आज कर्जे की इस राजनीति ने समूचे परिवश के सामने एक प्रश्नवाचक चिह्न लगा दिया है । यह हमारे राष्ट्रीय त बैंकों के लिये खतरे का घंटी है । आज कुछ अन्य प्रदेशों में भी यह एक अर हम बैंकों के माध्यम से स्व-रोजगार की कई योजनाये चला रहे हैं, ऋण मेलो का आयोजन कर छोटे-छोटे किसानों, मजदूरों, खेतिहरों आदि को लघु उद्योगों में लगाकर एक नई शुरूआत कर रहे है, वहीं ये विरोधी दल वाले प्रचारित कर रहे है- "ये कर्जे देंग, तुम इनसे कर्जे ले लो, हम तुम्हारा कर्जा माफ कर देंगे ।" . **(व्यवधान)**

श्री बीरेन्द्र वर्मा : (उत्तर प्रदेश) अमीरों का ही माफ होता रहे, उद्योगपतियों का होता रहे, मगर किसानों का हुआ तो **(व्यवधान)**

श्री सुरेश पचौरी : आने वाला समय इस हल्की लोकप्रियता के लिये उन्हे कभी माफ नही करेगा । कर्ज लेने के साथ यदि हम समय पर कर्ज वापिस करने की मानसिकता नही बना पाये तो मेरा ऐसा विचार है कि हमारी योजनाओ का ढाचा एकदम लड़खडा जायगा । विकास की अवधारणा समाप्त हो जायेगी । बैंको की सारी मशीनरी यदि पैसा वापिस कराने पर केन्द्रित हो गई तो बैंकिंग के मूल उद्देश्य को जनता तक पहुंचायेगा कौन ? इस बात पर सहज ही

विचार किया जा सकता है। मेरा विनम्र निवेदन है कि केन्द्र इस मामले में सीधे कोई कानून बनाये ताकि लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ करने वालों को किसी प्रकार का मौका न मिल सके।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का उद्देश्य गरीब किसानों को आर्थिक सुविधा उपलब्ध करा कर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने का है। सीमान्त किसान भूमिहीन किसान बटवारा कृषक, हथकरघा कारीगर, अनुसूचित जाति व जनजातियों के लाभार्थियों को अलग-अलग वर्गीकृत कर ऋण देने का प्रावधान रखा गया है। गांव के इन्हीं छोटे लोगों के रूप में हमारे देश की अधिकांश जनता अपना जीवन निर्वाह कर रही है और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ने उनके जीवन में एक नई सुबह की शुरूआत की है। उप-सभाध्यक्ष महोदय, इस मौके पर मेरा यह सुझाव है कि यह देखा गया है कि बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों का आम जनता के साथ व्यवहार ठीक नहीं होता। इस प्रकार की कई शिकायतें मिलती है। हम आर०आर०बी० बैंकों को प्रबंधकीय और वित्तीय सहायता देने जा रहे है। कर्मचारियों को ट्रेनिंग देने का भी प्रावधान है। मान्यवर, उन्हें इस प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिये जिससे वे ग्रामीण जनता की कठिनाइयों को अच्छे ढंग से समझ सकें और उनके मार्गदर्शक बन सकें।

मान्यवर, बैंकों में भ्रष्टाचार बहुत बढ गया है। गरीबों को दिये जाने वाले कर्ज में से कुछ शेअर बैंक कर्मचारी ले लेते है। साथ ही ऋण देने में भी काफी देरी करते है। मान्यवर, यदि जरूरतमंदों को समय पर ऋण नहीं मिलेगा तो जिस उद्देश्य से बैंक की स्थापना की गयी है वह उद्देश्य समाप्त हो जाता है। इसलिये समय रहते इन समस्याओं के निराकरण के लिये ठोस उपाय ढूंढने बहुत जरूरी है। मान्यवर, बैंक अधिकारियों और व्यापारियों की मिली भगत से बैंकों में भ्रष्टाचार बढ़ा है। ऐसा मेरा विचार है। लोगों को एक खास आदमी की दुकान से सामान लेने के लिये बाध्य किया जाता है। और कर्ज लेने वाला इस बात के लिये तैयार हो जाता है। इसलिये इस बात को भी चेक करना जरूरी है क्योंकि इस अवधारणा से डुप्लीकेट माल में बहुत बढ़ोतरी हुई है। सरकारी बैंकों के बारे में भी मैं कहना चाहूंगा कि उनमें भी काफी भ्रष्टाचार है। उनमें भी भ्रष्टाचार की काफी शिकायतें मिल रही है। मान्यवर, मैं मध्य प्रदेश से आया हूं, इसलिये मध्य प्रदेश के सहकारी बैंकों के बारे में स्पष्ट रूप से कह सकता हूं कि वहां कार्य प्रणाली और दूसरी तरह की अनेकानेक शिकायतें मिली है। आज गरीबों को बैंक सुविधा की पूरी जानकारी नहीं है। हमारे प्रचार-प्रसार के साधनों-रेडियो, दूरदर्शन द्वारा इस बात की बताया जाना बहुत जरूरी है कि बैंकों द्वारा आम जनता की भलाई को मद्दे नजर रखते हुये उनके जीवनस्तर को बेहतर बनाने के लिये कौन-कौन सी सुविधायें प्रदान की जा रही है। इन भ्रष्टाचार को मिटाने के लिये कौन-कौन से कदम उठाये जा रहे है। इस बात की जानकारी आम जनता तक पहुचना बहुत जरूरी है।

मान्यवर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के कर्मचारियों की सेवा स्थिति में सुधार लाना भी जरूरी है। उन्हें समय-समय पर उचित शिक्षा देना भी जरूरी है। ऋण के भुगतान में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को पूरा सहयोग प्रदान करना भी बहुत जरूरी है। मान्यवर हमारे वित्त राज्य मंत्री पुजारी जी एक सुयोग्य और कर्मठ मंत्री है। उनके मन में गरीब तबके लोगों के लिये तड़फ है। मुझे पूरा विश्वास है कि श्री पुजारी जी के निर्देशन में और आदरणीय प्रधानमंत्री जी की मंशा के अनुरूप जो यह बिल प्रस्तुत किया जा रहा है उसके संतोषजनक और आशाजनक परिणाम निकलेंगे। मान्यवर मेरा एक सुझाव यह भी है कि वाणिज्यिक राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंकों की जो शाखायें ग्रामीण क्षेत्रों में है उन्हें भी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को सौंप दिया जाय ताकि अनावश्यक कार्य न हो। साथ ही समय-समय पर स्पोंसर्ड बैंकों के खातों का निरीक्षण एवं उनके कार्यों का अवलोकन करना भी आवश्यक है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लगातार निरीक्षण एवं सही नियंत्रण से लाभांश में भी वृद्धि होगी और हम अपने उद्देश्य में भी सफल हो सकेंगे। ऐसा मेरा विचार है और ऐसी मेरी मान्यता है।

[श्री सुरेश पचौरी]

इन्ही भावनाओ के साथ मैं सदन में प्रस्तुत रीजनल रूरल बैंक एमेंडमेंट बिल 1987 का समर्थन करता हूं । धन्यवाद ।

श्री सूरज प्रसाद (बिहार) महोदय यह रीजनल रूरल बैंक 1976 मे स्थापित हुये थे । इस बिल के अन्दर यह सतोष की बात है कि इसमें बैंक की पूजी बढाने प्रबध मे सुधार करने और बैंको के एमलगमेशन का प्रबंध इसमे किया गया है । यह अच्छे कदम है लेकिन देखने को यह मिलता है कि 1976 के बाद बैंको की स्थापना के बाद यद्यपि बैंको का विस्तार हुआ है, उन का कवरेज बढा है, जमा राशि भी बढी है, अग्रिम राशि भी काफी मात्रा मे गरीबो को दी गयी है, लेकिन बैंको को जितनी तरक्की करनी चाहिये, जितनी सफलता उनको मिलनी चाहिये उतनी सफलता इन रीजनल रूरल बैंको को नही मिली है । यह बैंक इसलिये स्थापित किये गये थे ताकि गावो मे जो मार्जिनल फार्मर्स है, जो किसान है, जो शिल्पी है, जो गृह उद्योग मे लगे है उनको अधिक से अधिक सहायता इन बैंको के द्वारा मिले । यह पाया गया था 1976 के दरम्यान कि पहले जो सहकारी समितिया थीं उन पर धनिक किसानो का कब्जा हो गया है और राष्ट्रीयकृत बैंक जो है वे आम तौर पर गांवों मे सिर्फ डिपाजिट करते है और रिजर्व बैंक के द्वारा जो निर्धारित लक्ष्य है कि जमा राशि का 60 परसेंट वह गावो मे इवेस्ट करेगे वह उसमे विफल रहे है । इसलिये इस प्रकार के बैंको की स्थापना की बात उस समय सोची गयी थी । अब 12 वर्ष के बाद हम क्या पाते है । हम पाते यह है कि अभी भी यह बैंक जो 163 या 183 रीजनल बैंक स्थापित हुये है उनका कवरेज यदि हम देखें तो पाते है कि 88 बैंक एक जिले को कवर करते है, 67 बैंक दो जिलो को कवर करते है और 22 बैंक 3 जिलो को कवर करते है और 5 बैंक चार जिलो को कवर करते है । अभी पूरे देश मे 357 जिलो मे ही यह बैंक है जब कि देश मे 436 जिले है । लिये काफी ऐसे जिले है जिनमे यह बैंक अभी तक स्थापित नहीं हुये है ।

दूसरी बात इस संबध मे मै यह कहना चाहता हूं कि यह बैंक इस लिये स्थापित हुये थे कि गांवों मे गरीबो को कर्ज दिया जायेगा और जो गांव के सूदखोर महाजन है जिनके चंगुल मे गाव के किसान है उनके खूनी पंजे से उन गरीबो को मुक्त किया जायेगा । हम को देखना यह है कि इस लक्ष्य की पूर्ति मे यह बैंक कहा तक सफल हुये है । अभी रिजर्व बैंक आफ इडिया ने एक रैडम सैंपुल सर्वे कराया था 1982 मे और उस की रिपोर्ट प्रकाशित हो चुकी है और वह मत्री महोदय के पास होगी । उस रिपोर्ट मे हम पायेगे कि गावो के अन्दर इस्टीट्यूशनल कर्ज 63 प्रतिशत है और नान-इंस्टीट्यूशनल कर्ज 37 परसेंट है । इस का सब से दुखद पहलू यह है कि 5000 से एक लाख तक कर्ज की सीमा रखने वाले जो लोग है जो मुख्यत आदिवासी है, मुख्यतः हरिजन है वह 91 प्रतिशत से 67 प्रतिशत तक कर्ज उन्ही नान-इस्टीट्यूशनल संस्थाओ से पाते हैं यानी सूदखोरो के चगुल मे उनको मुक्त कराया जाए । लेकिन लगता यह है कि 12 वर्ष की उनकी कार्यावधि के दौरान अभी तक यह बैंक उन लोगो को सूदखोर महाजनों के चगुल से मुक्त नही करा सके है ।

दूसरी बात मैं कहना चाहता हू कि इस देश के अन्दर आदिवासियो के 199 जिले है, लेकिन अभी तक केवल 92 जिलो मे ये रूरल रीजनल बैंक स्थापित हो पाये है । नार्थ ईस्टर्न रीजन मे इनकी संख्या बहुत ही नगण्य है । इन बैंको मे अभी तक केवल 62 लाख लोगो को ही कर्ज मिल पाया है । यह इस बात को इगित करता है कि रीजनल बैंको का जो उद्देश्य था उस की पूर्ति मे ये अभी तक सफल नही हो पाये है । मैं इस संबध मे सरकार से कहना चाहूगा कि सरकार अगर चाहती है कि गावो में सूदखोरो से, महाजनो से कमजोर वर्ग, हरिजन, छोटे छोटे किसान, आदिवासी, सीमान्तक किसान, शिल्पी और छोटे छोटे उद्योग चलाने वाले जो लोग है, उन को बचाना चाहती है, तो जरूरत इस बात की है कि रीजनल बैंको की जो शाखाये है उनका विस्तार किया जाये । रिजर्व बैंक आफ इंडिया ने यह सुझाव दिया है कि कर्मशल

एक 17 हजार की जनसंख्या पर खोला जाना चाहिये । क्यो नही सरकार इस सख्या के आधार पर रीजनल रूरल बैंक की शाखाये खोलती है ?

दूसरी बात मै यह कहना चाहता हू कि इसका सबसे दुखद पहलू यह है कि ये बैंक जो कर्ज देते है उसमे से बहुत ही कम पैसे की वसूली हो पाती है । रीजनल रूरल बैंको पर जो स्टडी टीम ने अपनी रिपोर्ट प्रकाशित की है, उसके अनुसार रीजनल बैंको का जो कर्ज है उसका केवल 92 प्रतिशत ही वसूल होता है और जो कामर्शल बैंक है उनकी वसूली भी बेहतर नही है तथा कोआपरेटिव जो बैंक है उनकी वसूली भी इससे बेहतर नही है । इस प्रकार बडी रकम की वसूली न होने के क्या कारण है इन पर सरकार को विचार करना चाहिए । मेरी समझ से इसके चार पाच कारण है । एक तो सूद की ऊची दर है जो बैंक वाले कर्जदार से लेते है उनमे वे चक्रवर्ती ब्याज लेते है । सूखे, बाढ का भी असर इस इलाके मे अधिक होता है जिसके कारण बैंको मे दिया गया कर्ज वसूल नही होता है । इस रिपोर्ट मे यह कहा गया है कि अगर कर्ज को रिशेड्यूल कर दिया जाए तो समस्या का समाधान हो जाएगा । लेकिन रिशेड्यूलिंग करने से समस्या का समाधान नही होगा । इसके लिए मेरा सुझाव यह है कि ये कर्ज सीमा तक किसानों को, पिछडे लोगो को वीकर सेक्शन्स को हरिजनो को दिए जाते है । इसलिए रीजनल रूरल बैंक के जो कर्ज है उनकी दर 4 प्रतिशत से ज्यादा नही होनी चाहिए । उनसे डिफरेंशल रेट आफ इटरेस्ट लिया जाना चाहिए यह मेरा पहला सुझाव है । **(समय की घटी)**

श्रीमन् मेरा दूसरा सुझाव यह है कि जो चक्रवर्ती ब्याज इन लोगो से वसूल किया जाता है, वह बंद किया जाए । तीसरा सुझाव मेरा यह है कि बैंक अगर मूलधन का दुगुना प्राप्त कर चुके हैं सूद समेत तो उस कर्ज को माफ कर देना चाहिए जैसा कि मनीलेंडरस एक्ट मे व्यवस्था है । अगर मनीलेंडर्स ऐक्ट में ऐसी व्यवस्था है गांव के लोगो को सूदखोरो से बचाने के लिए तो बैंको के लिए ऐसी व्यवस्था होनी ही चाहिए । चौथी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि बैंकों के पास पैसे कम है कर्ज देने के लिए । इसलिए अधिक लोगो को वह कर्ज नही दे पाते है । पहले जो एक्ट बना था उसमे प्रावधान था । जो डिपोजिट 6.00P.M. होगा और जो स्पोंसर्ड बैंक होगे या नया नाबार्ड बैंक होगा वह कर्ज देगा उससे गरीबो को कर्ज मिलेगा । लेकिन पाया यह जाता है कि स्पोन्सर्ड बैंक एक परसेंट से दो परसेंट तक ही कर्ज दे पाते है । नाबार्ड भी बहुत कम फाइनेंस करता है । मेरा सुझाव है कि नाबार्ड को पूरा 50 परसेंट फाइनेंस करना चाहिए और जो सपोसर्ड बैंक है उनको 20 परसेंट करना चाहिए ।

तीसरी बात यह है कि शड्यूल्ड कास्ट्स और शैड्यूल्ड ट्राइब्स को कारपोरेशन का प्रोग्राम पचायतो को और हाउसिंग बोर्ड को बैंकों से कर्ज मिलना चाहिए । बैंक जो घाटे मे जा रहे है उनको घाटा बर्दाश्त करना चाहिए । स्पोंसर्ड बैंक को भी घाटा बर्दाश्त करना चाहिए । केन्द्र सरकार और राज्य सरकार जो है उनको भी घाटा बर्दाश्त करना चाहिए । अंत मे यह कहूगा कि प्रबन्ध मे किसानो का प्रतिनिधि, कर्मचारियो का प्रतिनिधि रखा जाना चाहिए । इतना ही कह कर मैं अपनी बात समाप्त करता हू ।

श्री सागर रायका (गुजरात) : आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय प्रादेशिक ग्रामीण बैंक के सशोधन के बारे मे जो बिल राज्य वित्त मंत्री श्री पुजारी जी लाये है उसका मै स्वागत करता हू और ग्रामीण विकास बैंको के द्वारा हम यह करना चाहते है । इस सदन के सभी साथियो को पत है कि इस देश मे समाजवाद की बात 1969 मे स्वर्गीय आदरणीय उस वक्त की बड़ी प्रधान श्रीमती इदिरा गाधी ने की और इस

[श्री सागर रायका]

देश में बैंको के नेशनलाइजेशन का ख्याल किया। आजादी के बाद महात्मा गांधी ने भी कहा था इस देश के गांव और गरीब आदमी जब तक अपने आप को सक्षम करके अपनी जीविका नहीं कमा सकेगा, उसको आर्थिक आजादी नहीं मिलेगी तब तक इस आजादी का कोई अर्थ नहीं है। कांग्रेस समाजवादी कार्यक्रम में आगे बढ़ रही थी। श्रीमती इंदिरा गांधी की उस टाइम में कांग्रेस के अंदर खिलाफत होते हुए भी इस देश को ऊपर उठाने के लिए जो गांव में बैठे हुए हैं छोटे किसान हैं उनको आगे लाने के लिए बैंको का नेशनलाइजेशन किया। उसकी बड़ी कीमत इस देश को उस टाइम में देनी पड़ी। देश का एक सामान्य आदमी जो गांव में बैठा है ग्रामीण विकास का आधार स्तम्भ है उसके लिए, उसके विकास के लिए उसकी आजीविका के लिए बैंको के द्वारा जो ऋण दिया जाता है उस ऋण की सुविधा को बढ़ाने के लिए रीजनल रूरल डवलपमेंट बैंक की स्थापना 1976 में की गयी। उसके बाद बैंक नेशनलाइज्ड हो गये तो पहले उनके पास जाकर छोटे किसान के लिए, गरीब आदमी के लिए कर्ज लेना आसान नहीं था। इस देश की यह कांग्रेस की सरकार ही है जिसने इस देश के गरीब आदमी को, छोटे किसान को कर्ज दिलाने में मदद की। पहले इस कार्यक्रम के आधार पर बड़े-बड़े पूंजीपति उस धन का उपयोग अपने फायदे के लिए करते थे। वह धन देश की गरीब जनता तक नहीं पहुंचता था। पुजारी जी ने बताया कि विपक्ष के माननीय सदस्य जो इस सदन के बड़े सीनियर साथी हैं उन्होंने अपने आप को लपेटा तो मैं खुलकर कहूंगा कि इस देश में इस देश के लोगों को जो ऋण दिया जाता है।

उस ऋण को वापस करने के लिए ये लोग मना कर रहे हैं। हमारी कांग्रेस की सरकार ने उन लोगों को मदद दी है जो अपने पैरों पर खड़े होना चाहते हैं। कांग्रेस की सरकार ने गरीब लोगों की मदद के लिए प्लेटफार्म बनाया तो कुछ लोग ऐसे हैं जो उस प्लेटफार्म को तोड़ने की कोशिश करते हैं। देवीलाल जैसे लोग ग्रामीण लोगों से कहते हैं कि तुमको जो ऋण दिया गया है उसको वापस करने की जरूरत नहीं है। ऐसे लोग इस देश का विकास और ग्रामीण लोगों का विकास नहीं कर सकते हैं। ऐसे ही लोगों के लिए श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने आवाज उठाई थी और बैंको का नेशनलाइजेशन किया था। इन लोगों ने उस वक्त बैंकों के राष्ट्रीयकरण का विरोध किया। श्रीमती इंदिरा गांधी आम लोगों की भावनाओं को जानती थीं और उनकी मांग को देखते हुए सन् 1971 में उन्होंने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया और राजाओं के प्रिवी पर्स को समाप्त किया। इस बात के लिए कांग्रेस ने अपना कार्यक्रम बनाया। इस देश के लोगों ने कांग्रेस को फिर से अपना मत दिया। जिन लोगों ने उस वक्त इन चीजों का विरोध किया था वही लोग आज ग्रामीण विकास की बात करते हैं। मैं समझता हूं कि रीजनल रूरल बैंकों के जरिए गांव-गांव में बैंकों की शाखाएं खुलेंगी और हमारे किसान भाइयों को मदद मिलेगी। गांवों में जो गरीब लोग हैं, भूमिहीन मजदूर हैं, जो अपना उद्योग चलाना चाहते हैं, अपनी जिन्दगी चलाना चाहते हैं उनको इन बैंकों के जरिए कर्ज मिलेगा। मैं चाहता हूं कि हर डिस्ट्रिक्ट में इन बैंकों की शाखाएं खुलें, इसके लिए हमारी सरकार की तरफ से कोशिश होनी चाहिए। हर जिले में ग्रामीण बैंक की सुविधा होनी चाहिए। ग्रामीण विकास की आपकी जो कल्पना है, उसके लिए प्रयास होना चाहिए। जैसा हमारे पचौरी जी ने कहा, हमारे देश में सहकारी बैंक भी इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं। नाबार्ड भी इस क्षेत्र में काम कर रहा है। लेकिन इस क्षेत्र में कुछ कमियां भी हैं जिनको दूर किया जाना चाहिए और सरकार को इन पर अपना कंट्रोल रखना चाहिए। मैं वित्त मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि वे इन बैंकों के कामकाज को

चेक करे और यह देखे कि इन बैंकों से हमारे ग्रामीण भाइयों को जो लाभ मिलना चाहिए वह मिलता रहे। देखने में यह आता है कि जो इन बैंकों के चेयरमैन या डायरेक्टर होते है वे अपने बच्चों को ही इनमे नियुक्त कर देते है और जो इस देश के गरीब हरिजन, पिछडे वर्गों के लोग है उनको नौकरी नही मिल पाती है। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि जहा इन बैंको के जरिए हमारे गरीब लोगों को ऋण मिले वहा इन नियुक्तियो पर भी सरकार का कंट्रोल होना चाहिए और इसका प्रोविजन किया जाना चाहिए। जब हम ग्रामीण विकास की बात करते है तो हमे इन बैंकों के जरिए किसानो हरिजनों और पिछडे वर्ग के लोगो को ऋण देने की सुविधा देनी चाहिए और इसके ऊपर सरकार का चेक होना चाहिए। इसलिए यह भी जरूरी है कि इन बैंकों के अन्दर प्रजा के प्रतिनिधि होने चाहिए। जहां इन बैंकों में नेशनलाइज बैंको रिजर्व बैंक के सदस्य हों, वहा इनमे महिलाओं और युवाओं के प्रतिनिधि भी हों जो अच्छी प्रकार से इन बैंको का प्रचार गांवों मे कर सके और लोगों को इनके फायदे बता सके। मै यह भी चाहता हू कि इन सब चीजों को मोनीटर करने के लिए आपको व्यवस्था करनी चाहिए। अगर इन बैंकों मे प्रजा के प्रतिनिधि होंगे तो वे हमारे 20-सूत्री कार्यक्रम का भी प्रचार कर सकते है। 20-सूत्री कार्यक्रम और रीजनल रूरल बैंको के जरिए हम इस देश के आम लोगों तक पहुंच सकते है और उनको सुविधाए दे सकते है।

इसलिए मै आपसे अनुरोध करना चाहता हू कि आप इन बैंकों मे प्रजा के प्रतिनिधियों को अवश्य रखे। साथ ही जो हमारे देश मे वीकर सेक्शन है, आदिवासी है, हरिजन है, जो अधिकतर गांवों में रहते है उनको इन बैंकों मे अधिक से अधिक मदद मिलनी चाहिए और हमारे जो ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के प्रोग्राम्स है उनका इनमे प्रचार होना चाहिए। मोनीटर करने की बात मै आपसे कह चुका हू। इन सब कामो का बडे पैमाने पर प्रचार होना चाहिए। अगर ग्रामीण विकास की योजनाओं का गांवों मे अच्छा प्रचार होगा तो हमारे किसान भाई उसका फायदा उठा सकते है। इन शब्दों के साथ मे इस बिल का समर्थन करता हूं।

MESSAGES FROM THE LOK SABHA

(I) The Direct Tax Laws (Amendment) Bill, 1987.

(II) The Commission of Sati (Prevention) Bill, 1987.

(III) The Chandigarh (Delegation of Powers) Bill, 1987

SECRETARY-GENERAL: Sir, I have to report to the House the following messages received from the Lok Sabha, signed by the Secretary-General of the Lok Sabha

I

"In accordance with the provisions of rule 96 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, I am directed to enclose the Direct Tax Laws (Amendment) Bill, 1987, as passed by Lok Sabha at its sitting held on the 15th December 1987.

2. The Speaker has certified that this Bill is a Money Bill within the meaning of article 110 of the Constitution of India"

II

"In accordance with the provisions of rule 96 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, I am directed to enclose the Commission of Sati (Prevention) Bill, 1987 as passed by Lok Sabha at its sitting held on the 15th December 1987."

III

"In accordance with the provisions of rule 96 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in